# —: कार्यालय :—

## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. –8987790240

Pin Code - 829206


पत्रांक ......................../ दिनांक................................../

सेवा में,

महाप्रबंधक,
मगध आम्रपाली एरिया,
सेन्ट्रल कोल फिल्ड लिमिटेड,
आकाश दिप मेन रोड, डकरा,
पो0—डकरा, राँची (829210)।

विषय :— मगध रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :— आपका पत्रांक 1194 दिनांक 14.10.2020 एवं इस कार्यालय का पत्रांक 1504 दिनांक 09.12.2020, पत्रांक 113 दिनांक 18.01.2021 एवं पत्रांक 590 दिनांक 27.03.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि मगध रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव प्राप्त है। प्रस्ताव के जॉचोपरांत निम्नांकित त्रुटियां पायी गयी है :—

01. प्रस्ताव में अपयोजित होनेवाले गैर मजरूआ जंगल—झाडी भूमि का उपायुक्त, लातेहार द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण—पत्र संलग्न नहीं है।

02. प्रस्ताव अंतर्गत अपयोजित होने वाली संपूर्ण वन भूमि में उपलब्ध वृक्षों की गणना सूची संलग्न नहीं है।

03. वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत उपायुक्त, लातेहार का प्रमाण—पत्र संलग्न नहीं है।

04. वन अधिकार अधिनियम के तहत ग्राम सभा की कॉपी संलग्न नहीं है।

05. समर्पित प्रस्ताव में RS (हाल सर्वे) के आधार पर नक्शा एवं लैंड शिड्यूल समर्पित किया गया है। इसे CS (कैडस्ट्रल सर्वे) के आधार पर नक्शा एवं लैंड शिड्यूल समर्पित किया जाय।

06. प्रस्ताव के साथ अंचल अधिकारी/जिला स्तर के राजस्व अधिकारी से प्रमाणित लैंड शिड्यूल समर्पित नहीं है।

07. परियोजना में अपयोजित होनेवाले वन भूमि के विरूद्ध एन0पी0भी0 की राशि समर्पित करने संबंधी वचनबद्धता पत्र समर्पित नहीं किया गया है।

08. क्षतिपूरक वनरोपण हेतु वचनबद्धता पत्र समर्पित नहीं किया गया है।

# –: कार्यालय :–

## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. –8987790240

Pin Code - 829206


उपरोक्त पायी गयी त्रुटियाँ/कमियाँ का निराकरण करते हुए निराकरण प्रतिवेदन नौ प्रतियों में यथाशीघ्र समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,
ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

ज्ञापांक 849 / दिनांक 09.06.2021 /

प्रतिलिपि :– 01 मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, मेदिनीनगर को सूचनार्थ समर्पित।

02 क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पलामू, मेदिनीनगर को सूचनार्थ समर्पित।

03 प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

09.06.21

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।